




नवभारत

भोपाल, गुरुवार ,19 मार्च, 2026


### एक नजर में



**नवरात्रि पर्व के दौरान मांसाहारी दुकानें बंद रखने की मांग**

**बुधनी.** चैत्र शुक्ल नवरात्रि पर्व गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है. पर्व को लेकर सर्व हिंदू समाज द्वारा एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपे गए ज्ञापन में नगर में संचालित मांस-मछली की दुकानों को बंद रखने की मांग की गई है. ज्ञापन में बताया गया कि नवरात्रि के दौरान भोपाल, नर्मदापुरम सहित विभिन्न जिलों से श्रद्धालु सलकनपुर देवीधाम के दर्शन के लिए निकलते हैं. संगठनों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर मांस-मछली की दुकानें खुली रहने से श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं. इसे ध्यान में रखते हुए विहिप, बजरंग दल एवं सकल हिंदू समाज ने प्रशासन से दुकानों को बंद रखने की मांग की. इस दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे.



**क्रिकेट टूर्नामेंट में छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन**

**बुधनी.** कैम्ब्रिज स्कूल में बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि हैंडबॉल एसोसिएशन जिला अध्यक्ष धीरेंद्र तिवारी, तमजीर खान, पार्षद यशवंत सिंह चौहान, बलवंत अहिरवार मौजूद थे. तिवारी ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है. तमजीर खान ने बालिका प्रतिभाओं को मंच देने के लिए सराहना की. यशवंत सिंह चौहान एवं बलवंत अहिरवार ने खेल भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी. विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया.



**विद्यार्थियों ने टेलीस्कोप से देखे ग्रह और तारामंडल**

**बुधनी.** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में विज्ञान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सतीश बिल्लोरे ने बताया कि आयोजन में 350 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया. विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान में ड्राई आइस, द्रव्यमान केंद्र, गुरुत्वाकर्षण तथा फैराडे के नियम से संबंधित रोचक प्रयोग प्रस्तुत किए गए. विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई. जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुस्तकों से पुरस्कृत किया गया. टेलीस्कोप के माध्यम से विद्यार्थियों को बृहस्पति ग्रह, चन्द्रमा तथा प्रमुख तारामंडलों जैसे सप्तर्षि, ओरायन एवं मिथुन राशि का अवलोकन कराया गया. इस मौके पर अनिल तिवारी, भूपेन्द्र सिंह, प्राचार्य मोनिका रोहिल्ला, आशुतोष कुमार मिश्रा, सचिन कुमार, रवि रोशन, विनय अत्री, सचिन पटले एवं नीर कुमार आदि मौजूद थे.



**कलेक्टर ने किया जैविक खेती का निरीक्षण**

**इछावर.** कलेक्टर बालागुरु के ने ग्राम नरसिंहखेड़ा एवं सेवनिया में किसानों द्वारा की जा रही है जैविक खेती का निरीक्षण किया. उन्होंने जैविक खेती कर रहे किसानों से संवाद किया और किसानों द्वारा उत्पादित किए जा रहे जैविक उत्पादों के बारे में जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग की रैनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना अंतर्गत स्थापित साइलोपिट एवं वर्मी क पोस्ट यूनिट का भी अवलोकन किया. उन्होंने इन इकाइयों के प्रभावी संचालन करने और अन्य किसानों को भी इन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए. उन्होंने किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रेरित किया और नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी.



**यूथ पार्लियामेंट द्वारा की देश के मुद्दों पर चर्चा**

**सीहोर.** आईईएस पब्लिक स्कूल में यूथ पार्लियामेंट में छात्रों ने देश के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की. संसदीय विद्यापीठ कुंजीलाल दुबे के साथ छात्रों ने संसदीय कार्यवाही का अनुकरण किया और शिक्षा सुधार, डिजिटल परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा की. प्राचार्य रोहिताश्व कुमार शर्मा एवं न्यायाधीश पूजा खानूजा ने उन सुविज्ञ छात्रों की सराहना की, जिन्होंने शिक्षा, असमानता और आपदा प्रबंधन जैसे मुद्दे उठाए. उन्होंने नवाचार के माध्यम से जिम्मेदार उपाय समाधान प्रस्तावित किए. युवा संसद कार्यक्रम छात्रों द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जाने वाला एक कार्यक्रम है .ताकि समसामयिक मुद्दों और सुधारों पर रचनात्मक बहस और चर्चा कर सकें. अंत में डायरेक्टर श्रीमती मनीषा कवठेकर ने आतिथिओं का आभार व्यक्त किया एवं ऐसी पहलों के महत्व को रेखांकित किया जो भविष्य के नेताओं को आकार देने में मदद करती हैं.

# आज से आस्था उमड़ेगी, सुरक्षा भी रहेगी मुस्तैद

## चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ, सलकनपुर देवीधाम में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, सुरक्षा के लिए दो सौ जवान तैनात

- मंदिर परिसर में लगाए गए हैं सीसीटीवी कैमरे
- संवेदनशील स्थानों पर रखी जाएगी विशेष निगरानी

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 18 मार्च. चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ सलकनपुर धाम में उमड़ने वाली भारी श्रद्धालु भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं. मंदिर परिसर से लेकर मार्ग तक कड़ी निगरानी, लगभग 200 जवानों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे और विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन मिल सकें.**

चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर सलकनपुर धाम में हर वर्ष की तरह इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है. इसे देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और मंदिर समिति द्वारा संयुक्त रूप से सुरक्षा और व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है.मंदिर परिसर, सीढ़ी मार्ग और पार्किंग स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा.



**सलकनपुर.** गुरुवार से चैत्र नवरात्रि का नौ दिवसीय महापर्व प्रारंभ हो रहा है. पर्व की पूर्व संध्या पर सलकनपुर में भक्तों की भीड़ उमड़ी.

एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लगभग 200 पुलिस जवानों की ड्यूटी दिन-रात दोनों शिफ्टों में लगाई गई है. संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया है.

भीड़ नियंत्रण के लिए मंदिर मार्ग पर विशेष यातायात योजना लागू की गई है. श्रद्धालु पूर्व की भांति निजी वाहनों से मंदिर तक पहुंच सकेंगे, लेकिन जाम की स्थिति से बचने के लिए वाहनों की आवाजाही को निर्धारित अंतराल में नियंत्रित किया जाएगा.

मंदिर परिसर में सुरक्षा के साथ-साथ अग्नि सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दुकानदारों को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया है और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए दुकानों में गैस सिलेंडर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है.

इसके अलावा चोरी और चैन स्नैचिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है. पानी की टंकी और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा घेरा बढ़ाया गया है. पुलिस और प्रशासन की टीमें व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रही हैं.

उधर, मां विजयासन मंदिर में नवरात्रि को लेकर भक्ति का माहौल भी चरम पर है. मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है. नवरात्रि के नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में माता के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी. देवीधाम पर प्रदेश ही नहीं अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां विजयासन देवी के

**भूतड़ी चैत्र अमावस्या पर आंवलीघाट में उमड़ा जनसैलाब**



**रेहटी.** भूतड़ी चैत्र अमावस्या के पावन अवसर पर आंवलीघाट में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. तड़के से ही श्रद्धालुओं ने पुण्य सलीला नर्मदा नदी में स्नान-दर्शन शुरू कर दिया, जो दिनभर जारी रहा. 'नर्मदे हर' के जयघोष से पूरा घाट क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया. चैत्र नवरात्रि से पूर्व अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है. इस दिन नर्मदा स्नान और दान-पुण्य करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और पापों का क्षय होता है. इसी आस्था के चलते आसपास के जिलों सहित दूरदराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु घाट पहुंचे. महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और बच्चों ने श्रद्धा भाव से स्नान कर पूजा-अर्चना, दीपदान और दान-पुण्य किया. श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए. नर्मदा घाट पर 15 से 20 फीट तक बैरिकेडिंग कर सुरक्षित स्नान क्षेत्र बनाया गया. पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती रही.

## एकता यात्रा का आज नगर में आगमन

**सीहोर.** राष्ट्रीय अखंडता और एकता सद्भाव की प्रतिमूर्ति सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा गुजरात से शुरू होकर विभिन्न प्रांतों से होकर आज सुबह 10 बजे शहर में सैकड़ाखेड़ी मार्ग से बस स्टैंड कोतवाली चौराहा मुख्य मार्ग, तहसील चौराहा से मंडी निकलते हुए श्यामपुर में चोपड़ा वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में सभा होगी. पाटीदार समाज के प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार और मनोज गुजराती ने बताया कि यात्रा में शामिल रथ में सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृतियां 3 किलो सोने का स्तंभ जिसे राजवाड़े द्वारा पुरस्कार स्वरूप दिया गया था. साथ में उनके चरण पादुकाएं, पानी पीने का लोटा, संदूक और भी कई स्मृति स्वरूप समान दर्शन हेतु रखा गया है.

# दूसरे दिन हड़ताल खत्म, सीएमओ का कहना बना रहे बेजा दबाव

नवभारत न्यूज

**आष्टा 18 मार्च.** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर शुरू हुई हड़ताल दूसरे दिन समाप्त हो गई. हड़ताल के दौरान सफाईकर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत थे, जिसमें प्रमुख रूप से बंद कर्मचारियों की बहाली, पीएफ/ईपीएफ राशि जमा कराने और कलेक्टर रेट पर वेतन देने की मांग शामिल थी.

स्थिति को देखते हुए कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सफाई आयोग के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप करोसिया मौके पर पहुंचे और सफाई कर्मचारियों से सीधे संवाद किया. उन्होंने भूख हड़ताल पर बैठे राहुल वाल्मीकि से चर्चा कर उनकी समस्याओं को विस्तार से समझा. इसके बाद नगर पालिका अधिकारी और परिषद के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार किया गया. बैठक में 65 बंद कर्मचारियों को पुन: कार्य पर रखने, पीएफ/ईपीएफ जमा कराने और डोर-टू-डोर कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन देने के निर्देश दिए गए. अन्य उचित मांगों पर भी सहमति बनी. मांगें पूरी होने के बाद राहुल वाल्मीकि ने स्वल्पाहार ग्रहण कर अपनी भूख हड़ताल समाप्त की. इसके साथ ही सभी सफाईकर्मी काम पर लौट आए. कर्मचारियों ने प्रशासन और आयोग अध्यक्ष का आभार जताया.अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि नगर में सफाई व्यवस्था और बेहतर की जाएगी.

जब बुधवार को शहर में सफाई कर में हड़ताल पर रहे तो ऐसे में पूरे शहर की सफाई व्यवस्था लड़खड़ा गई. सभी वार्डों में जगह-जगह कचरा के ढेर देखे गए. इधर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, नगर पालिका के सीएमओ विनोद प्रजापति, समाजसेवी शेषनाग मुकाती, पार्षद रवि शर्मा, तेज सिंह राठौर सहित अनेक लोग कन्नौद रोड कॉलोनी चौराहा क्षेत्र में खुद ही झाड़ू लेकर सफाई करने निकल पड़े यहां देख आने जाने वाले लोग भी आश्चर्यचकित रह गए की शहर में एक तरफ सफाई नहीं हो रही है तो दूसरी तरफ नगर पालिका के जिम्मेदारी ही सफाई कर रहे हैं.



**वापस जुड़वा दिए थे सभी कनेक्शन**

कुछ लोग निजी स्वार्थ में सफाई मित्रों को भड़काकर प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं. सभी कार्य शासन के नियमों अनुसार हो रहे हैं और कर्मचारियों को समय पर वेतन व ईपीएफ-जीपीएफ का भुगतान किया जा रहा है. ई-अटेंडेंस अनिवार्य है, जिसका पालन नहीं करने पर कार्रवाई होगी. नपा में सीमित कर्मचारियों के कारण कार्य आवंटन आवश्यकता अनुसार किया जाता है.

**विनोद कुमार प्रजापति,**
सीएमओ, आष्टा नपा

# गांवों में गहराया भीषण जलसंकट, पलायन प्रारंभ

- पानी की किल्लत से जूझ रहे 150 परिवारों ने छोड़ा घर
- प्रभारी मंत्री से मिलकर ग्रामीणों ने लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 मार्च.** जिले के ग्रामीण अंचलों में बढ़ते जल संकट ने लोगों की जिंदगी मुश्किल बना दी है.पानी की भारी कमी के कारण चार गांवों के करीब 150 परिवार अपने घर छोड़कर पलायन करने को मजबूर हो गए हैं. खामलिया, नरेला, रायपुर, नयाखेड़ा और बड़बेली गांवों में हेंडपंप और ट्यूबवेल पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है.

ग्रामीणों, खासकर महिलाओं को 2 किलोमीटर दूर जाकर झिरी खोदकर पानी लाना पड़ रहा है. कई परिवारों को 100 से 150 रुपये प्रतिदिन खर्च कर पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो रही है. खामलिया से 80, बड़बेली से 40, रायपुर-नयाखेड़ा से 30 और नरेला से 25 परिवार पलायन कर चुके हैं. लाड़ली बहनों का कहना है कि सरकार हमें 50 रुपए रोज देती है, लेकिन हमें प्रत्येक परिवार के घर को 100 रुपए से लेकर 150 रुपए तक का पानी खरीदना पड़ता है.इस गंभीर समस्या को लेकर एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों और जनप्रतिनिधियों ने भोपाल पहुंचकर मंत्री, प्रभारी मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर नलकूप खनन की मांग की. शासन स्तर से निर्देश जारी होने के बावजूद अब तक जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ है. अधिकारी मंत्री के आदेश को मानने को तैयार नहीं है. प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा भी कलेक्टर को नलकूप खनन कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं.



जलसंकट का सामना कर रहे ग्रामीणों, विशेषकर लाड़ली बहनों का कहना है कि उनकी पूरी आय पानी खरीदने में खर्च हो रही है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नलकूप खनन और पानी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे सीहोर कलेक्टर कार्यालय और भोपाल में प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे.

## दोस्त को चाकू मारने वाले को उम्रकैद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 मार्च.** पहले पार्टी के लिए दोस्त को इंदौर से भोपाल बुलाया, फिर भोपाल से दोराहा के एक फार्म हाउस पर पहुंचे. यहां मामूली बात पर बहस शुरु हुई। बहस इतनी बढ़ गई कि दोस्त ने ही दूसरे दोस्त के पेट में चाकू मार दिया. पुलिस ने आरोपी दोस्त के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया. जहां विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई.

अभियोजन के अनुसार आरोपी धनवीर उर्फ बिट्टू ठाकुर निवासी बावड़िया कलां जिला भोपाल ने 31 दिसंबर की पार्टी के लिए इंदौर से दोस्त मुकेश निवासी बावड़ियाकलां से बुलाया था. मुकेश को धनवीर के दोस्त दोराहा स्थित एक निजी फार्म हाउस पर लेकर पहुंचे. यहां खाना खाने की बात पर दोनों दोस्तों में बहस हो गई.इस दौरान गाली-गलौच होने से विवाद और बढ़ गया. बिट्टू ने गुस्से में मुकेश के पेट में चाकू मार दिया. जिससे मुकेश की हालत खराब हो गई. इसके बाद वहां मौजूद दोस्तों ने अस्पताल जाकर मुकेश का उपचार करवाया और वापस उसके गांव बावड़िया कलां छोड़ दिया. जहां तबियत बिगड़ी तो फिर अस्पताल लेकर पहुंचे. अस्पताल की तहरीर पर दोराहा पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरु की. जांच पूर्ण कर पुलिस ने चालान न्यायालय में पेश किया, जहां तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश ने आरोपी धनवीर उर्फ बिट्टू ठाकुर को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई.

## 217 बालिकाओं को लगाई वैक्सीन

**सीहोर.** इन दिनों स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है. सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है. बुधवार को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 217 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई. उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है. इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है.

**धरना प्रदर्शन** ▶ **जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन**

# वेतन नहीं मिलने से नाराज आउटसोर्स कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 मार्च.** जिला अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी आक्रोशित होकर बुधवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए. कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें 2 महीने से वेतन नहीं दिया गया है. यही नहीं पिछले 7 महीने से उनका ईपीएफ भी कंपनी ने जमा नहीं किया है. यदि कोई कंपनी के सुपरवाइजर से बात करता है तो वे वेतन रोकने की धमकी देते हैं.

आउटसोर्स कर्मचारियों ने जिला अस्पताल के सामने ही प्रदर्शन किया. हालांकि उनकी समस्या सुनकर सिविल सर्जन ने उन्हें सोमवार तक वेतन दिलवाने का आश्वासन दिलाया है. यहां ज्ञापन देने के बाद आउटसोर्स कर्मचारी सीएमएचओ कार्यालय भी पहुंचे और अपनी परेशानी बताई. सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने 26 मार्च तक उन्हें वेतन दिलवाने आश्वासन दिया है. हालांकि देर शाम तक कर्मचारियों ने काम पर वापस लौटने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया. उनका कहना है कि संगठन जो निर्णय लेगा उसके हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी. जिला चिकित्सालय में तीन निजी कंपनियों के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारी तैनात किए गए हैं. सिग्मा इन्फोसेस ने जिला अस्पताल के लिए 49 मल्टी टास्किंग वर्ग और 2 एंबुलेंस चालक तथा दो कंप्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स के माध्यम से उपलब्ध कराए हैं, जो वेतन के लिए परेशान हो रहे हैं. इस संबंध में कर्मचारियों ने पूर्व में भी ज्ञापन



देकर हड़ताल का अल्टीमेटम दिया था. कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से सीएम को भी शिकायत भेजी गई थी. लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई.

आउटसोर्स कर्मचारियों के कामबंद हड़ताल के कारण जिला अस्पताल में मरीजों को परेशान होना पड़ा. एक्स-रे, ड्रेसिंग और प्लास्टर जैसे कार्य में अस्पताल प्रबंधन ने सहयोग के लिए अन्य कर्मचारियों को तैनात कर दिया, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी वार्डों में हुई। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण न तो पलंग से बेडशीट बदली गई और न ही यहां टंगी हुई खाली बोतलें हटाई गई. साफ-सफाई भी नहीं हो सकी.

## अंतिम दिवस महाप्रसादी का किया वितरण

**सीहोर.** जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन समापन अवसर पर महाप्रसादी का वितरण किया गया. उद्धव दास महाराज ने कथा के अंतिम दिन श्रीकृष्ण के स्वधाम गमन और राजा परीक्षित की मोक्ष प्राप्ति की कथा सुनाई. उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के गोलोक धाम जाने के बाद पृथ्वी पर कलियुग का वास हुआ. महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाओं का सार, भक्तियोग का महत्व और स्वधाम गमन का वर्णन के साथ राजा परीक्षित का मोक्ष इस बात का प्रतीक है कि ज्ञान और भक्ति के माध्यम से मृत्यु के भय को जीतकर मोक्ष पाया जा सकता है.